प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 10.07.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1— प्रदेश के कई स्थानों में आज भी हुई तेज बारिश—दुर्ग जिले में बढ़ा हुआ है शिवनाथ नदी का जलस्तर।

2— छत्तीसगढ़ के अनिमेष कुजूर ने ग्रीस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में सौ मीटर दौड़ में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड।

3— राज्य सरकार ने दो हजार करोड़ रूपये से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में आबकारी विभाग के बाईस अधिकारियों को किया निलंबित।

4— भारतीय वायुसेना में भर्ती के लिए कल से ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू होगी।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>बारिश—01</u>**

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से कई नदी—नालों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ है। वहीं, सामान्य जनजीवन पर भी असर पड़ा है। दुर्ग जिले के महमरा एनीकट से नौ फीट ऊपर पानी बह रहा है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री देव शुक्ला ने बताया कि मोंगरा, घुमरिया, सूखानाला और खातुटोला जलाशय से शिवनाथ नदी में करीब छह हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश होने के कारण पानी की आवक बनी हुई है, जिसके चलते बाढ़ का खतरा टला नहीं है।

वहीं, राजनांदगांव जिले के गैंदाटोला से फाफामारा मार्ग पर स्थित पुल को पार करते समय कल शाम साइकिल सवार दो व्यक्ति पानी के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है। जबकि, दूसरे युवक की तलाश एसडीआरएफ की टीम द्वारा की जा रही है। मौके पर होमगार्ड सेनानी अरुण कुमार और उनके साथ एसडीएम और गैंदाटोला के थानेदार मौजूद हैं।

इधर, गरियाबंद जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण कई गांवों का सड़क संपर्क टूट गया है। वहीं, सड़कों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है।

सक्ती जिले में भी लगातार बारिश के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं, कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। जिला प्रशासन और पुलिस ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

**<u>बारिश—02</u>**

इस बीच, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आगामी चौबीस घंटों के दौरान हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि कल मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भारी वर्षा होगी। उन्होंने बताया कि सोलह जुलाई से वर्षा की गतिविधि में कमी होने की संभावना बन रही है।

## अनिमेष कुजूर–रिकॉर्ड

छत्तीसगढ़ के अनिमेष कुजूर ने ग्रीस में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में सौ मीटर दौड़ को दस दशमलव एक–आठ सेकेंड में पूरा कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। अनिमेष की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें बधाई दी है। श्री साय ने कहा है कि उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि युवाओं को खेल में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

अनिमेष के पिता अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्ष के रूप में बलौदाबाजार जिले में पदस्थ हैं। उन्होंने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कहा कि अनिमेष की उपलब्धि पर पूरा परिवार बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

इससे पहले, अनिमेष ने दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो सौ मीटर दौड़ को बीस दशमलव तीन–दो सेकेंड में पूरा कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। अनिमेष का जन्म जशपुर जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में स्थित घुईटांगर गांव में हुआ था। वे बचपन से ही ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली खेलकूद स्पर्धाओं में भाग लेते थे।

## महिला समूह–अनुबंध पत्र वितरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ में रेडी–टू–ईट के निर्माण के लिए महिला स्व–सहायता समूहों को अनुबंध पत्र का वितरण किया। इस तरह से अब इन समूहों की महिलाएं रेडी–टू–ईट सामग्री बनाएंगी। इसकी शुरूआत आज रायगढ़ जिले से हुई है। मुख्यमंत्री ने दस महिला समूहों को अनुबंध पत्र बांटे हैं।

## माओवादी गिरफ्तार

सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान में अलग–अलग थाना क्षेत्रों से दो इनामी सहित छह माओवादियों को गिरफ्तार किया है। कोंटा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए दो माओवादियों में से एक पर दो लाख और एक अन्य माओवादी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन दोनों माओवादियों पर फायरिंग की घटना और हत्या जैसी वारदातों में शामिल रहने का आरोप है।

भेज्जी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए चार माओवादियों के पास से सुरक्षा बलों ने विस्फोटक सामग्री बरामद की है।

## वायुसेना–ऑनलाइन पंजीयन

भारतीय वायुसेना में भर्ती के लिए कल से ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू होगी, जो इकतीस जुलाई तक चलेगी। ऑनलाइन आवेदन भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर किए जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से भी संपर्क किया जा सकता है। ऐसे आवेदक जिनका जन्म दो जुलाई दो हजार पांच और दो जनवरी दो हजार नौ के बीच हुआ हो, वे ऑनलाइन आवेदन के लिए पात्र होंगे। भारतीय वायुसेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा पंद्रह सितंबर से शुरू होगी।

## विधानसभा भवन–निरीक्षण

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा के नये भवनों के सभी निर्माण कार्यों को सितंबर महीने तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। श्री साव ने आज इन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय–सीमा में सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

## ट्रेन परिचालन

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में गामहारीया जंक्शन के आदित्यपुर सेक्शन के अप और डाउन लाइन में ट्रैक आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित कुछ ट्रेनों का परिचालन पंद्रह जुलाई से चार अक्टूबर तक प्रभावित रहेगा। इनमें टाटा–बिलासपुर–टाटा एक्सप्रेस दो अगस्त तक और टाटा–नेताजी सुभाषचन्द्र बोस–टाटा एक्सप्रेस अप और डाउन लाइन में छब्बीस अगस्त तक रद्द रहेगी। वहीं, कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल ग्यारह जुलाई को मंत्रालय में सुबह साढ़े ग्यारह बजे से राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायगढ़ जिले के ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ में गुरु दर्शन के लिए पहुंचे।

– छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पेनलमेंट के लिए योग्य और अनुभवी अभियंताओं से इकतीस जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए हैं।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने बलरामपुर के एक पटवारी को सीमांकन के नाम पर पंद्रह हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

– मुंगेली जिले के चकरभाठा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक पंचायत रितेश अग्रवाल को लगातार अनुपस्थित रहने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

– 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में कल एक ही दिन में पैंतालीस हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

– रायपुर–महासमुंद के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तिरपन पर बीती रात महानदी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोपहिया सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग में चल रहा है।

– रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय पैरा कैनो वर्कशॉप का आज समापन हो गया। इसका आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन और भारतीय कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन ने मिलकर किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>